दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र-2024-25

अभ्यास कार्य पत्र(अक्तूबर)

कक्षा -चौथी **विषय -हिंदी**

उपविषय-अपठित गद्यांश व्याकरण-विलोम

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

किसी जंगल में एक लोमड़ी रहती थी।वह रोज़ भोजन की तलाश में जंगल-जंगल घूमती।उसे खाने के लिए कभी अच्छा भोजन प्राप्त नहीं होता था।वह बहुत उदास हो गई क्योंकि उसे बहुत भूख लगी थी।भूख के कारण वह इधर-उधर घूमने लगी।एक दिन वह भोजन की तलाश में इधर-उधर भटक रही थी।उसे अंगूर की एक बेल दिखाई दी।वह बेल काफ़ी ऊँचाई पर थी।बेल पर अंगूर के गुच्छे लटक रहे थे। उन्हें देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया।वह अंगूर को खाने के लिए उछली, लेकिन उन तक पहँच न पाई। लोमड़ी ने कई बार कोशिश की,पर उसकी कोशिश सफल न हुई। आखिर वह निराश होकर घर की तरफ़ चल दी और बोली अंगूर खट्टे हैं।

प्र॰1निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क) लोमड़ी किसकी तलाश में भटक रही थी?

ख)बेल पर क्या लगे थे?

प्र॰2 निम्न दिए शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-

क) पानी -जल,चाय,रोटी

ख) घर- स्कूल, बाज़ार,गृह

प्र॰3 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

क) लोमड़ी निराश होकर किस तरफ चल दी?

अ)नदी की तरफ़   ब)घर की तरफ़   स) स्कूल की तरफ़

व्याकरण

प्र॰4 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

क)मेरे मित्र को व्यापार में कभी <u>लाभ</u> होता है, तो कभी -------।

ख) मुझे मेरा <u>देश</u> अच्छा लगता है--------नहीं।

प्र॰5 कोष्ठक में दिए शब्दों के उचित विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

क)हमें बड़ों का ----------करना चाहिए।(निरादर)

ख)मुझे --------दूध पसंद है।(गर्म)

ग) राजा ने अपने --------को मार दिया।(मित्र)